## दिनांक–11.08.2016 को मुंगेर एवं जमालपुर शहरी जलापूर्ति योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक की कार्यवाही:–

**उपस्थिति:–**

1. श्रीमती अंशुली आर्या, प्रधान सचिव, लो0स्वा0अभि0वि0, बिहार, पटना।
2. श्री दिनेश्वर प्रसाद सिंह, अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव, लो0स्वा0अभि0वि0, बिहार, पटना।
3. श्री अजय कुमार सिन्हा, विशेष पदाधिकारी, लो0स्वा0अभि0वि0, बिहार, पटना।
4. श्री अशोक कुमार, अधीक्षण अभियंता, लो0स्वा0अभि0 अंचल, मुंगेर।
5. श्री सरयू राम, कार्यपालक अभियंता, लो0स्वा0 प्रमंडल, मुंगेर।
6. श्री एन. एस. झा, कार्यपालक अभियंता, लो0स्वा0अभि0वि0, बिहार, पटना।
7. श्री नलिन कान्त, Chief Manager Contract, JITF Water Infrastructure Ltd.
8. श्री सुजीत कुमार सिंह, Chief Manager- Projects, JITF Water Infrastructure Ltd.
9. श्री गौरव शर्मा, A.G.M JITF Water Infrastructure Ltd.

**बैठक की कार्यवाही**

1. **मुंगेर शहरी पाईप जलापूर्ति योजना:–** इस योजना का कार्यादेश दिनांक–08.01.2011 को निर्गत हुआ। योजना पूर्ण करने की अवधि 18 माह थी, जो दिनांक–07.07.2012 को समाप्त हो चुकी है। परन्तु अभी तक योजना पूर्ण नहीं हुई है। योजना के प्रगति की अवयववार निम्नवत् समीक्षा की गई:–

(i) **जेटी से संबंधित कार्य:–** बैठक में उपस्थित JITF के Chief Manager (प्रोजेक्ट) श्री सुजीत कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि जेटी का निर्माण पूर्ण है तथा 75 HP के 4 अदद मोटर पम्प का अधिष्ठापन किया जा चुका है Transformer का आपूर्ति हो चुकी है कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि Transformer अधिष्ठापन हेतु DP स्ट्रक्चर खड़ा करने के लिए स्थल का निर्धारण एवं HT Line Connection के लिए सात दिनों के अंदर कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे ताकि अधिष्ठापित पम्पों को चालू किया जा सके।

(ii) **रॉ वॉटर राईजिंग मेन:–** 2 अदद 450 mm व्यास के पाईप रॉ वॉटर राईजिंग मेन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

(iii) **क्लीयर वॉटर राईजिंग मेन:–** संवेदक प्रतिनिधी एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि कस्तूरबा स्थित OHT के लिए क्लीयर वॉटर राईजिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा चौरम्बा मुहल्ले एवं नीलम सिनेमा हेतु क्लीयर वॉटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य संकीर्ण मार्ग होने के कारण धीमी गति से चालू है। चौरम्बा स्थित OHT को क्लीयर वॉटर राईजिंग मेन से जोड़ने के लिए 1 स्थान पर नाला एवं 1 स्थान पर रेल लाईन से पाईप पार किया जाना है।

संवेदक को गैंग बढ़ाकर कार्य में प्रगति लाने तथा नाला क्रॉसिंग का कार्य एक पक्ष के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

(iv) **कस्तूरबा वॉटर वर्क्स स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं मास्टर ESR से संबंधित कार्यः–**
संवेदक प्रतिनिधि एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि नया PST, Parshal Flume, Aeretor, Clarifloeculator, Flash Mixture, RSF (4 nos. bed) का कार्य पूर्ण किया जा चुका है जिसमें से 2 अदद RSF पूर्व में चालू भी किया जा चुका है। पुराने PST का Rennovation कार्य शेष है। संवेदक द्वारा उक्त कार्य का प्राक्कलन प्रमंडल को उपलब्ध कर दिया गया है। कार्यपालक अभियंता को प्राक्कलन की भौतिक आवश्यकता के अनुसार जाँच करते हुए सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त करने का निर्देश दिया गया ताकि ससमय इस कार्य को पूर्ण किया जा सके तथा संवेदक का भुगतान Claim के माध्यम से किया जा सके। साथ ही विद्युत क्नेक्शन के लिए आवेदन संवेदक द्वारा कार्यपालक अभियंता को समर्पित किया जा चुका है। संवेदक एवं कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि बिजली विभाग से सम्पर्क कर 15 दिनों के अंदर ट्रांसफार्मर अधिष्ठापन एवं विद्युत संयोजन कार्य सुनिश्चित करावें साथ ही इस दरम्यान प्लांट के असैनिक अवयवों का Finishing कार्य भी पूर्ण किया जाए।

(v) **रेल क्रॉसिंग से संबधित कार्यः–** रेलवे गुमटी नं0– 3 एवं रेलवे गुमटी नं0– 5 के निकट पाईप को रेलवे लाईन से क्रॉस करना है। संवेदक प्रतिनिधि एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा सूचित किया गया कि रेलवे से अनुमति हेतु आवेदन भेजा जा चुका है। संवेदक को रेलवे के पदाधिकारियों से संम्पर्क कर संयुक्त रूप स्थल निरिक्षण कराते हुए अनुमति प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

(vi) **अन्यान्यः–** बैठक में संवेदक प्रतिनिधि द्वारा कस्तूरबा WTP स्थित सभी Missing Line को दुरूस्त करने की सूचना दी गयी। कार्यपालक अभियंता को जोनवाईज टॉवर को आपस मे Interconnect करने की संभावना का तकनीकी आक्कलन करने आवश्यक जगहों पर एयर वॉल्व, स्कावर वॉल्व, स्लूईस वॉल्व, आदि लगवाना सुनिश्चित करने, पार्सल फ्लूम के पास फ्लो रिकॉर्डर कम इंटेग्रेटर लगवाने का निर्देश दिया गया। स्लज डिस्पोजल हेतु हैंडलिंग सिस्टम/ड्रॉईग बेड का भी प्रावधान करने का निर्देश कंपनी प्रतिनिधि को दिया गया। साथ ही कार्यपालक अभियंता आवश्यक जगहों पर संवेदक से थर्स्ट ब्लॉक का भी निर्माण कराना सुनिश्चित करेगें।

2. **जमालपुर शहरी पाईप जलापूर्ति योजनाः–** समीक्षा के क्रम में संवेदक प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि JT एवं WTP का कार्य लगभग पूर्ण है तथा पम्प मोटर एवं Transformer की आपूर्ति की जा चुकी है। कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि WTP का कार्य 90% पूर्ण है तथा क्लीयर वॉटर राईजिंग मेंन–4975 मी0 के विरूद्ध मात्र 1432 मी0 बिछाया गया है। वर्त्तमान में PWD रोड से पाईप लाईन हेतु अनुमति प्राप्त नहीं होने के कारण

कार्य अवरूद्ध है तथा रॉ वॉटर राईजिंग मेन–10603 मी0 के विरूद्ध मात्र 4697 मी0 बिछाया गया है तथा कार्य प्रगति में है। धीमी प्रगति पर खेद व्यक्त करते हुए कार्यपालक अभियंता, मुंगेर को निदेशित किया गया कि जिलापदाधिकारी के सहयोग से PWD के साथ बैठक कर समस्या का समाधान कराएंगे तथा शेष कार्य त्वरित निष्पादन करायेगें। कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक प्रतिनिधी द्वारा सूचित किया गया कि रॉ वॉटर Main साफियावाद एवं आशिकपुर तथा क्लीयर वॉटर Main जमालपुर स्टेशन एवं रतनपुर में रेल लाईन को पार करता है जिसमें से 2 अदद स्थलों का अनुमति रेलवे से प्राप्त हो गया है तथा शेष 2 के लिए भी आवेदन रेलवे को समर्पित है। कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक प्रतिनिधि को शेष 2 अदद स्थलो का अनुमति दैनिक स्तर पर रेलवे के पदाधिकारियों से सम्पर्क कर शीघ्र प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

अधीक्षण अभियंता मुंगेर, पाक्षिक स्तर पर एवं मुख्य अभियंता, भागलपुर प्रक्षेत्र मासिक स्तर पर प्रगति की समीक्षा कर निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करायेगें।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक समाप्त की गयी।

26.8.2016

(डी0 पी0 सिंह)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव।

ज्ञापांक–7 / वि01–136 / 2014– 361 दिनांक– 06/09/2016.

प्रतिलिपि–

ई–मेल द्वारा

1. प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के आप्त सचिव / प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।
2. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, भागलपुर प्रक्षेत्र लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
4. कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
5. मुख्य अभियंता (ना0) / विशेष पदाधिकारी / कार्यपालक अभियंता (मो0 / मू0) / आई0 टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई0 टी0 मैनेजर को निदेश है कि कार्यवाही की प्रति को विभागीय वेव–साईट पर अपलोड करें।

26.8.2016

(डी0 पी0 सिंह)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव।